दिनांक 24.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ महापौर परिषद ने 1 करोड़ 44 लाख रुपये से सेक्टर-05 तालाब में उद्यान विकास कार्य की लंबित योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 223 पात्र प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान करने की अनुशंसा की है।

नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर परिषद की बैठक नीरज पाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कुल 03 प्रस्ताव पर सदस्यों ने विचार किया जिसमें नवीन स्वीकृत 19 आंगनबाड़ी केन्द्र में रिक्त 19 कार्यकर्ता एवं 19 सहायिकों के पदों पर नियुक्ति हेतु पूर्व में प्रस्तुत प्रकरण पर पुनः विचार करने हेतु बैठक में रखा गया जिसमें सदस्यों ने विचार विमर्श कर अपनाई गई नियुक्ति प्रक्रिया एवं प्रकाशित विज्ञापन पर आपत्ति दर्ज करते हुए निरस्त करने की अनुशंसा की है। जोन 05 अंतर्गत वार्ड 54 सेक्टर-05 स्थित तालाब में उद्यान विकास कार्य हेतु 141.44 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने एवं अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करने की अनुमति तथा शासन से अनुदान राशि की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव तैयार कर भेजने की अनुशंसा की गई है। वहीं मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, परित्यक्ता पेंशन के विभिन्न जोनों से जोन समिति के माध्यम से प्राप्त कुल 223 प्रकरणों पर विचार कर स्वीकृति प्रदान की गई है।

बैठक में महापौर परिषद के नीरज पाल , आयुक्त एस0के0 सुंदरानी, परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, डाॅ. दीवाकर भारती, केशव बंछोर, दुर्गा प्रसाद साहू, नरेश कोठारी, जोहन सिन्हा, श्रीमती सुभद्रा सिंह , सूर्यकान्त सिन्हा , सदीरन बानो , सोशन लोगन , सुशीला देवांगन सहित विभाग प्रमुख उपस्थित थे।